हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 12 मई 2024
[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 34.2 डिग्री

4

तेन्दूपत्ता तोड़ने के दौरान ग्रामीण को हाथी ने उतारा मौत के घाट

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (3 years)
D.Pharma (2 years) डी.फार्मा | Ophthalmic asst. (2 years)
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000

खबर संक्षेप

अपेक्स बैंक सोमवार से नई बिल्डिंग में

पत्थलगांव। रायगढ़ रोड पर स्थित छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्या अपेक्स बैंक 13 मई दिन सोमवार से अम्बिकापुर रोड़ में मदनपुर व्यवहार न्यायालय के पास खुलेगा। अपेक्स बैंक अब तक रायगढ़ रोड़ में त्रिपाठी काम्पलेक्स में स्थित था, यह बैंक खुद के नवनिर्मित सरकारी भवन अम्बिकापुर रोड मदनपुर के पास 13 मई सोमवार को स्थान्तरित हो जाएगा। सोमवार से अपेक्स बैंक के सभी कामकाज नव निर्मित भवन में ही होगा। अपेक्स बैंक के ब्रांच मैनेजर दीपक कुजूर ने बताया कि पत्थलगांव का अपेक्स बैंक 13 मई दिन सोमवार से अम्बिकापुर रोड मदनपुर न्यायालय के पास नवनिर्मित भवन में खुलेगा अपेक्स बैंक के समस्त ग्राहक एवं किसान 13 मई सोमवार से मदनपुर के पास बने नव निर्मित भवन में पहुंचें।

छात्रा मनिता ने 10 वीं बोर्ड में बढाया मान

पत्थलगांव / बगीचा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का परीक्षा परिणाम गुरुवार को दोपहर बाद घोषित किया जा चुका है .परिणाम में बगीचा जनपद के सरकारी स्कूल महादेवडांड की छात्रा

मनिता यादव ने भी 96.16% अंक प्राप्त कर इलाके में कीर्तिमान स्थापित किया है . छात्रा की सफलता से टीचर्स और ग्रामीणों के बीच उत्साह का माहौल है . जनपद सदस्य दीपक नागेश ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मनिता ने स्कूल का नाम रोशन करने के साथ जनपद का मान बढ़ाया है। मनीता यादव घोरड़ेगा पाठ क्षेत्र की रहने वाली हैं। जो महादेवडांड हॉस्टल में रह कर स्थानीय हाईस्कूल पढ़ाई करती हैं . उन्होंने अपनी सफतला का श्रेय अपने पिता अशोक यादव माता खगेश्वरी यादव और टीचर्स को देती हैं .मनीता ने इंजिनियर बनने की इच्छा जाहिर की है।

हवन पूजन महाआरती व सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ से मनाया गया प्राकट्योत्सव

परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

शोभा यात्रा परशुराम चौक से बस स्टैंड हनुमान मंदिर चौक, रायगढिया चौक, कारगिल चौक होते हुए किया नगर भ्रमण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। विप्र विकास परिषद के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और परशु राम जयंती पर निकली शोभा यात्रा का नागरिकों ने जगह-

■ फूल की वर्षा व जलपान, ठण्डा पिला कर जगह-जगह किया गया स्वागत

जगह जलपान कराते हुए स्वागत किया।

कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज कोतबा एवं क्षेत्र के विप्रजनो की उपस्थिति बड़ी संख्या में रही। शुक्रवार सुबह ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर अनुष्ठान में हिस्सा लिया।सुबह से ही कार्यक्रम की शुरुआत कर संत समाज गहिरा गुरु आश्रम कोतबा के यज्ञशाला भवन में सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया जिसके बाद 10 बजे से तपकरा से पधारे यज्ञाचार्य प्रशांत शर्मा के द्वारा भगवान परशुराम जी का विधिविधान से अभिषेक पूजन हवन यज्ञ कार्य संपन्न कराया गया। महायज्ञ में विप्रविकास परिषद के संरक्षक अशोक शर्मा(मदन) व दर्शनदेवी शर्मा यजमान रहे। महायज्ञ पश्चात महाआरती की गई। जिसमें समस्त विप्रजनों की उपस्थिति रही। जिसके बाद शाम 6 बजे से नगर में भगवान परशुराम जी का विप्र समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिला, पुरूष सहित बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हुए। आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में परशुरामजी की आकर्षक झाँकी भी शामिल थी। जिनके उपर भी फुलों की बरसात की गई। यात्रा में विप्रो ने जमकर जयकारे भी लगाए और शक्ति प्रदर्शन किया। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर स्थानीय लोगों के द्वारा फुल बरसाते हुए स्वागत किया गया। साथ ही समाजिक संगठनों के द्वारा पेयजल ठण्डा एंव शर्बत आदि की भी व्यवस्था की गई थी। शोभा यात्रा यज्ञशाला भवन से प्रारंभ होकर परशुराम चौक से बस स्टैंड हनुमान मंदिर चौक, रायगढिया चौक, कारगिल चौक होते हुए नगर भ्रमण कर पुनः भगवान परशुराम चौक पहुँची जहाँ भगवान की मूर्ति पूजन कर महाआरती की गई जिसके बाद यज्ञशाला भवन में शोभायात्रा का समापन किया गया। जहां सभी विप्र जनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान सवामणी महाप्रसादी भोग का वितरण भी पूरे नगर में किया गया। कार्यक्रम के समापन पश्चात विप्र विकास परिषद के अध्यक्ष खुशीराम शर्मा ने समाज के सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। समाज के अध्यक्ष ने प्रेरणामयी में उद्बोधन समाज को एकजुट रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि युवाओं के उपर समाज को दिशा देने की बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में सुमित शर्मा, बसंत शर्मा,संतोष शर्मा, मयंक शर्मा, संदीप शर्मा, पवन शर्मा, खुशी राम शर्मा, कन्हैया लाल शर्मा, संरक्षक अशोक (मदन) शर्मा, संरक्षक नरसिंह शर्मा, संरक्षक गणेश शर्मा, केसर शर्मा, पवन शर्मा, दीनबंधु शर्मा, बालकिशन शर्मा, योगेश शर्मा,शिवकुमार शर्मा,सुदामा शर्मा, धीरज शर्मा, महेन्द्र शर्मा, योगेन्द्र शर्मा,बजरंग शर्मा,पंकज शर्मा,जयंत शर्मा,आनंद शर्मा,कमल शर्मा,शुभम शर्मा, राजेन्द्र अवस्थी, दिपक शर्मा, अमन शर्मा, जीनु शर्मा, अजय शर्मा,अविषेक शर्मा,दीपक शर्मा, हेमंत शर्मा,नवीन शर्मा, गुड्डू शर्मा, लल्ला शर्मा, सुनील शर्मा, पीयूष शर्मा, रमेश शर्मा ,तरुण शर्मा, प्रथम शर्मा, प्रवीण शर्मा, राजेन्द्र शर्मा,रामलाल शर्मा,के साथ समाज की महिलाएं भी भारी संख्या में सम्मिलित हुए सभी का सराहनीय योगदान रहा।

बाल विवाह रोकवाने प्रशासन को मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सक्रियता के साथ- साथ एकीकृत बाल संरक्षण इकाई और महिला व बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से होने वाला बाल विवाह रोक पाने में प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। समझाईस उपरांत परिजनों ने नाबालिक छात्रा का विवाह निरस्त कर दिया है।

■ संयुक्त टीम ने परिजनों को दी समझाइश

एकीकृत बाल संरक्षण इकाई में पदस्थ आउट रीच वर्कर कंचन प्रजापति से मिली जानकारी के अनुसार बगीचा विकासखंड क्षेत्र से सन्ना परियोजना के गरियापाठ आंगनबाड़ी केंद्र अंतर्गत एक पहाड़ी कोरवा परिवार में 14 वर्षीय छात्रा का बाल विवाह दो दिन उपरांत कराया जाना था,उक्त मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुवे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कविता यादव ने सक्रियता का परिचय दिया और तत्काल महिला बाल विकास विभाग के उच्च अधिकारियों को जानकारी दी।जिसके बाद विभाग ने एकीकृत बाल संरक्षण इकाई,चाइल्ड लाइन और महिला व बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा,जहां पहाड़ी कोरवा परिवार को संयुक्त टीम द्वारा समझाईस देते हुवे बताया गया कि भारत के कानून में बाल विवाह कानूनन अपराध है,इसमें परिजनों को सजा का भी प्रावधान है,साथ ही बाल विवाह से होने वाले नुकसान पर भी विस्तार से प्रकाश डालते हुवे बाल विवाह रोकने हेतु गम्भीरता से समझाया गया। इस दौरान यह भी बताया गया कि 18 वर्ष की उम्र पार होने के बाद ही लड़की का विवाह करें,शासन द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के संबंध में विस्तार से इसके फायदे बताते कहा कि लड़की के बालिक होने पर ही उसका विवाह कर योजना का लाभ लेने प्रेरित किया गया। उक्त समझाईस उपरांत परिजनों ने अपनी गलती स्वीकारी और लड़की के बालिक होने उपरांत ही विवाह करने का बात कहा,जिसके बाद होने वाला बाल विवाह टाल दिया गया। इस दौरान एकीकृत बाल संरक्षण इकाई में पदस्थ आउट रीच वर्कर कंचन प्रजापति और महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सरस्वती यादव,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कविता यादव,चाइल्ड लाइन टीम से अमित कुमार,स्थानीय बीडीसी श्रीमती पार्वती यादव,ग्राम पंचायत सचिव शशिकला यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

समझाइश के बाद नाबालिग के परिजनों ने माना।

बाल विवाह मुक्ति के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

जशपुरनगर। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में, बाल विवाह को रोकने के लिए जिला प्रशासन और यूनिसेफ के जय हो के स्वयंसेवक संकल्प कार्यक्रम के तहत जिले में बाल विवाह मुक्ति अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह को रोकने के संकल्प को साझा किया जा सके। इस अभियान के अंतर्गत, नुक्कड़ नाटक, रैली, वॉल पेंटिंग, किशोर - किशोरियो के साथ बैठक जैसे अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने के संकल्प को मजबूत किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है जिले को बाल विवाह से मुक्त करना और ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रथा के खिलाफ एक सामाजिक जागरूकता उत्पन्न करना है। यह अभियान जिले के सभी ब्लॉकों में सक्रिय रूप से चल रहा है और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। अभियान के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में जय हो कार्यक्रम से जुड़े एनएसएस, एनवाईकेएस एनसीसी, स्वयं सेवकों व शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर के समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। इन स्वयंसेवकों ने अपने समय और श्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बाल विवाह के खिलाफ अभियान में दिया है, जो बाल विवाह से मुक्ति के लिए काम कर रहा है। गतिविधि के दौरान स्वयं सेवको द्वारा बाल विवाह के नुकसान पर अधिक जोर देते हुए, बच्चो की सम्पूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है।

ग्रामीणों को बाल विवाह रोकने समझाइश देते सरकारी अमला।

मौसम हुआ सुहाना, तापमान गिरने से लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बंगाल की खाड़ी में उठे साइक्लोन के कारण जशपुर में पिछले 7 मई से लगभग रोजाना शाम 4 बजे के बाद बादलों का जमवाड़ा आसमान

■ फसल हो रहा खराब

में दिखने लगता है। रात होते होते बारिश शुरू हो जाती है। लगातार होने वाली बारिश के कारण तापमान लगभग 4 डिग्री सेल्सियस कम हो गया है। कुछ साल पहले तक जशपुर में केवल कुछ दिन मई के और कुछ दिन जून में ही गर्मी होती थी। 15 जून आते आते मानसून दस्तक दे देती थी। लेकिन इस साल में मई में ही जशपुर के पहाड़ी इलाकों में बरसात के कारण मौसम खुशनुमा हो गया है। कुछ दिन पहले तक जशपुर का तापमान 41 से 42 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन बंगाल की खड़ी में उठे साइक्लोन के कारण लगातार बरसात हो रही है जिससे तापमान 36 से 38 डिग्री पर आ गया है। बेमौसम होने वाली बरसात के कारण किसानों के सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। किसानों का कहना है की मई के महीनों में सब्जियों के खेतो में पानी देना दूभर हो जाता था लेकिन अभी। लगातार बारिश के कारण सब्जी के फसलों को भरी नुकसान पहुंच रहा है।

हत्या के आरोपी को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

प्रतापपुर। पुरानी रंजिश को लेकर साथ काम करने वाले वृद्ध को धारदार लकड़ी से मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक स्थानीय नया बस स्टैंड में सोमेश्वर गुप्ता के चिकन दुकान में काम करने वाला बजरंगी कुशवाहा द्वारा आपसी विवाद पर अपने ही साथ काम करने वाले साथी ग्राम तुकुदाड़ निवासी रामदास आ. पांडे गोड (60 वर्ष) पर बस स्टैंड पास में रोड पर धारदार लकड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए रामदास को अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में हत्या करने का पुष्टि पाए जाने पर पुलिस ने आरोप के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। घटना के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार और डंडा बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
शाखा प्रबंधक NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 12वीं (बायोलॉजी) के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित।

(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्ष केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)

काउंसिलिंग सेंटर का नाम	मेडिकल लेव टेक्नीशियन	ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन	इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT)
सूरजपुर	60	60	30
रायपुर	60	60	30
बिलासपुर	60	60	30
सरगुजा	60	60	30
बलरामपुर	60	60	30
जशपुर	60	60	30
कोरिया	60	60	30

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50% सामान्य वर्ग 55% या । अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 10/06/2024 तक
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि: 14/06/2024 तक
कार्यालय का पता :- NSDC-SID केन्द्र क्र. TC210200, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ. ग.) पिन - 492013

प्रति
संचालक
शाखा प्रबंधक NSDC- SID केन्द्र क्र. TC210200,
महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ. ग.) पिन - 492013

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,

..........................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम..........................
2. पिता/पति का नाम..........................
3. जन्मतिथि अंकों में ....
4. अनु. जाति / अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग. ....
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..........................
......................1. मो..........................2. मो..........................व्हाट्सएप नंबर................
6. . शैक्षणिक योग्यता..........................

क्र.	उत्तीर्ण परीक्षा का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	कुल अंक	प्राप्तांक	प्रतिशत
1					

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट NSDC- SID केन्द्र क्र. 210200

गुमला जिले के कमलपुर में किया चुनाव प्रचार

विधायक रायमुनी व गोमती साय पहुंचीं झारखंड

चुनाव प्रचार करतीं विधायक रायमुनी।

जशपुरनगर। झारखंड के गुमला जिले के कमलपुर पहुंच कर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करतीं सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार के लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मोदी की गारंटी पर प्रकाश डाला।

झारखंड राज्य के गुमला जिला अंर्तगत कमलपुर ग्राम में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने जनसंपर्क किया।यहां भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाते हुए मतदान करने का अपील ग्रामीणों ⏭ शेष पेज 4 पर

झारखंड में चुनाव प्रचार करती विधायक गोमती साय।

विधायक गोमती का सघन जनसंपर्क

पत्थलगांव। विधायक गोमती साय और जशपुर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता पड़ोसी राज्य झारखण्ड के खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सिमडेगा इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। यहा के अनेको ग्रामो में दौरा कर उनके द्वारा आम सभा को सम्बोधित किया जा रहा है । विदित हो कि खूंटी सीट से भाजपा ने एक बार फिर आदिवासी नेता केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को चुनाव मैदान में उतारा हैं, तो कांग्रेस ने भी पिछले चुनाव में उम्मीदवार रहे कालीचरण मुंडा को ही टिकट दिया है। कालीचरण मुंडा के भाई नीलकंठ सिंह मुंडा बीजेपी के स्थानीय विधायक हैं जिसकी वजह से यहा का मुकाबला ⏭ शेष पेज 4 पर

राय ने किया भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार

जशपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने झारखंड के डुमरी और गोविंदपुर में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में चुनाव प्रचार करते भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस दौरान श्री राय ने मोदी की गारंटी पर वोट भी मांगा। ज्ञात हो कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री कृष्ण कुमार राय झारखंड राज्य अंतर्गत गुमला जिले के गोबिंदपुर एवं डुमरी पहुंचे। यहां भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में माहौल बनाते हुए ⏭ शेष पेज 4 पर

11- MAY-Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/11/2024 7:42 PM Page 1

खबर संक्षेप

पीएचसी पंतोरा में स्टाफ नर्स की हुई पदस्थापना

कोरबा। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पंतोरा में पदस्थ स्टाफ नर्स वीणा पटेल ने दो वर्षों के उच्च अध्ययन एमएससी नर्सिंग की पढाई पूर्ण कर वापस पीएचसी पंतोरा में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जिससे अस्पताल में महिला स्टाफ नर्स कमी बनी हुई तो जो आज दूर हो गयी। महिलाओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा के लाभ में बढ़ोतरी होगी, पूर्व में वीणा पटेल की पदस्थापना पंतोरा अस्पताल में रही। इनके द्वारा लोगो स्वास्थ सुविधा प्रदान की जाती थी। उनके अध्यन अवकाश पर जाने से यहां महिला स्वास्थ जाँच, संस्थागत प्रसव सुविधा में कमी आ रही थी। अब उनके कार्यभार ग्रहण करने से अस्पताल में स्वास्थ सुविधा बढ़ेगी, जिससे पंतोरा और आसपास के लोगों को अच्छी स्वास्थ सुविधा मिलेगी।

मई-जून माह में नहीं है विवाह मुहूर्त जुलाई का करना पड़ेगा इंतजार

कोरबा। हर साल अप्रैल से लेकर जून तक ढेरों विवाह होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। अप्रैल में 8 शुभ मुहूर्त के बाद शादी के लिए अगला मुहूर्त जुलाई महीने में है। इसके बीच मई और जून में इस साल कोई भी शुभ मुहूर्त शादी का नहीं है। जुलाई में भी सिर्फ चार मुहूर्त है, उसके बाद फिर चार महीने ब्रेक लग जाएगा। 24 अप्रैल को शुक्र मेष राशि में प्रवेश कर चुका है। जहां पहले से ही सूर्य का गोचर हो रहा है और मेष राशि में प्रवेश करते ही शुक्र अस्त हो गया है। शुक्र 7 जुलाई तक अस्त रहेगा। 6 मई से गुरु ग्रह भी अस्त हो जाएगा, जो 2 जून को उदित होगा, वहीं शुक्र अस्त ही रहेगा। इस कारण मई व जून माह में एक भी लग्न नहीं है। इसके बाद सात जुलाई से लग्न शुरू होगा, जो 16 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। अगस्त सितंबर और अक्टूबर टूबर महीने में भी शादियां नहीं होगी। फिर 17 नवंबर में लग्न शुरू हो जाएगा।

ट्रेन से कटकर महिला ने की आत्महत्या

कोरबा। रेलवे स्टेशन के सेकंड एंट्री से लगे कोयला साइडिंग एरिया में ट्रेन से कटकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार पति की मौत के बाद कांति बाई महंत उम्र लगभग 56 वर्ष अपने बेटे के साथ मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी में रहती थी। शुक्रवार की सुबह लगभग 4 बजे घर से दिशा मैदान जाने के नाम से निकाल कर कोयला साइडिंग एरिया में पहुंची और ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची आरपीएफ और मानिकपुर चौकी पुलिस मामले की जांच में जुटी। आत्महत्या किस वजह से किया है यह फिलहाल पता नहीं चल पाया है लेकिन बताया जा रहा है मृतिका का बेटा आदतन शराबी है जिसके शराब पीने की आदत से महिला परेशान रहती थी।

आंबा कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर पद पर मिलेगी पदोन्नति

कोरबा। निर्धारित उम्र से अधिक हो जाने के कारण सुपरवाइजर पद पर पदोन्नत से वंचित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नियमों में उचित बदलाव करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने वर्ष 2021 में 200 पद तथा वर्ष 2023 में 440 पद सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए निकाले थे। इनमें से 50 प्रतिशत पदों को सीधी भर्ती से भरा जाना था तथा शेष 50 प्रतिशत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाना था। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य कई कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग याचिकाएं दायर कर बताया था कि उन्होंने लंबे समय तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में सेवाएं दी हैं लेकिन उम्र सीमा 45 वर्ष निर्धारित करने के कारण उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। एक अन्य याचिकाकर्ता सुषमा दुबे को इसी आधार पर चयन होने के बावजूद पदोन्नत नहीं किया गया। इन याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान शासन ने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि उक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर नहीं बनाए जा सकते। जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने कहा कि उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वर्षों तक विभाग में सेवा दी है।

भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मरों पर बढ़ा लोड, बार-बार गुल हो रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ ही टांसफार्मरों पर लोड बढ़ गया है। यही कारण है कि एक के बाद एक ट्रांसफार्मरों में लगाए गए एमसीबी उड़ रहे हैं। इसके अलावा अन्य फॉल्ट भी सामने आ रहे है।

अलग खबर

पूर्व की ओर से आ रही गर्म हवाओं के चलते अप्रैल माह के से ही सूर्य ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। दिन का तापमान जहां 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं रात के न्यूनतम तापमान में भी 2 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ है। गर्मी से राहत पाने के लिए घर, आफिस समेत शासकीय दफ्तरों में दिनभर कूलर और पंखा भी चलने लगा है, जिसके चलते बिजली की खपत बढ़ गई है। ट्रांसफार्मरों में लोड बढने एमसीबी धड़ाधड़ उड़ रहे हैं। गर्मी बढने के साथ ही अचानक बिजली का लोड बढने से मेटनेंस करने में विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को मशक्कत करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी होने के कारण ट्रांसफार्मर गरम हो रहा है। शार्ट-सर्किट के चलते इसमें आग लगने की घटना सामने आ रही है। खपत बढने के साथ ही बिजली की आंख मिचौली भी शुरू हो गई है। शहर और गांवों में बिजली बार-बार बंद हो रही है। इससे उसम और गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। दर्री में भी लो-वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे हैं।

उड़ रहे एमसीबी, टूट रहे तार, ट्रांसफार्मर भी छोड़ रहे साथ

खास बातें

- बार-बार बिजली की आंख मिचौली से उपभोकता परेशान
- तापमान में भी हो रही बढ़ोत्तरी

बार-बार गुल हो रही बिजली

फॉल्ट आने पर भरी गर्मी की दुपहरी में बिजली विभाग मेंटेनेंस व मरमत के नाम पर बिजली की आपूर्ति बाधित हो रही है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इलाके में तेज गर्मी पड़ रही है कभी शहर में बिजली की समस्या तो कभी ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रही है। कई इलाकों में गर्मी में होने वाली समस्याओं से निजात मिल रही है, लेकिन अब ऐसा ही कुछ शहरी इलाकों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है बार-बार बिजली के बंद होने से कई कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

दो बार बैरंग लौटा सिंचाई विभाग का अमला

दोंदरोनाला में बन रहे एनीकट का ग्रामीणों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको बेलाकछार ग्राम से बहने वाले दोंदरोनाला में सिंचाई विभाग के द्वारा बनाए जा रहे एनीकट का ग्रामीणों ने स्थान बदलने की मांग को लेकर विरोध किया है। एनीकट का निर्माण दोंदरो, बेलाकछार व आसपास के ग्रामों के खेतों की सिंचाई के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्माण कराया जा रहा है, किंतु ग्रामीण के स्थान बदलने की मांग पर अड़े होने के कारण सिंचाई विभाग के अमले को दो बार बैरंग लौटना पड़ा है।

खास बात

- ग्रामीण कर रहे हैं स्थान बदलने की मांग

दोंदरो नाला जहां बनेगा एनीकट।

सिंचाई के रकबे को बढ़ाने के लिए विभाग के द्वारा शासन को पहाड़ी नालों में एनीकट बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा था ताकि पहाड़ी नालों के पानी का सिंचाई में उपयोग किया जा सके। अपनी इसी योजना के अंतर्गत विभाग के द्वारा ग्राम रोगबहरी के सारबहरा नाला में एनीकट का निर्माण किया गया है। इसी कड़ी में ग्राम दोंदरों से बहने वाले पहाड़ी नाले में भी ग्राम बेलाकछार के समीप एनीकट बनाने का काम सिंचाई विभाग द्वारा शुरू किया जा रहा है। इसके लिए उसके द्वारा नाले में भी स्थान का चयन किया गया है। जिस स्थान पर एनीकट बनाने का काम किया जाएगा वह स्थान काफी चौड़ा है, किंतु ग्रामीण उस स्थान पर निर्माण कार्य का विरोध कर स्थान बदलने की मांग कर रहे हैं, जबकि तकनीकी रूप से एनीकट निर्माण के लिए वही स्थल विभाग के तकनीकी कर्मचारियों ने चयन किया है, किंतु कुछ ग्रामीणों के हठधर्मिता से निर्माण पर रोक लगी हुई है। विभाग के द्वारा इसके पूर्व भी ग्राम परसाखोला नाले में एनीकट बनाने का काम किया जा रहा है। जहां पर विरोध की स्थिति नहीं हुई है।

बढ़ेगा पानी के केचमेंट का एरिया

एनीकट बनने से बेलाकछार से लेकर दोंदरों तक पानी का केचमेंट एरिया बढ़ेगा और दोनों ग्रामों के किसानों के खेतों में लिफ्ट एरिगेशन के द्वारा खेतों की सिंचाई हो सकेगी। जिसके लिए विभाग ने एनीकट बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। जिस स्थान पर एनीकट बनाया जा रहा है उस स्थान से लेकर लगभग 500 मीटर तक पानी का केचमेंट एरिया रहेगा। जिसके पानी का उपयोग ग्रामीणों के खेतों तक हो सकेगा। एनीकट निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग ने अपने उच्च अधिकारियों को अवगत भी करा दिया है।

बेजाकब्जाधारी हुए सक्रिय

एनीकट निर्माण का का स्थान बदलने वालों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो नालों के दोनों ओर सब्जी की खेती करते हैं। एनीकट के निर्माण होने के कारण पानी का केचमेंट एरिया बढ़ने से खेती वाली भूमि पानी के डूबान में आ जाएगी, जिससे ग्रामीण सब्जी खेती नहीं कर सकेंगे। यही कारण है कि वे बार बार स्थान बदलने की मांग कर रहे हैं। वहीं पंचायत प्रतिनिधि सिंचाई विभाग के प्रस्ताव को अपनी सहमति दे रहे हैं, किंतु बेजाकब्जाधारियों के विरोध से निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है।

सर्वमंगला नहर मार्ग पर नहीं दौड़ेंगे भारी वाहन

सर्वमंगला मार्ग में लगी वाहनों की लंबी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला परिवहन में लगे भारी वाहनों के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुके कुसमुंडा मार्ग का नया निर्माण कराया जा रहा है। मार्ग के निर्माण में विलंब भी हो रहा है। भारी वाहनों के आवागमन के लिए सर्वमंगला मंदिर मार्ग को डायवर्सन रोड बनाया गया है और यह भी खराब होने से लगातार जाम की समस्या व आए दिन दुर्घटना की संभावना बन रही है। कटघोरा एसडीएम ने एक आदेश जारी कर सर्वमंगला नहर मार्ग को प्रतिबंधित किया है।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटघोरा ने जारी आदेश में कहा है कि सर्वमंगला डायवर्सन रोड खराब होने से लगातार ट्रकों के जाम की समस्या होती है एवं आए दिन दुर्घटना होती रहती है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में परेशानियों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आगामी दिनों में मानसून के समय होने वाली परेशानियों व आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सडक निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है अन्यथा वर्षा ऋतु के समय परिवहन में अत्यंत परेशानी हो सकती है। उक्त कारणों को दृष्टिगत रखते हुए आगामी आदेश पर्यन्त भारी वाहनों एवं कोयला परिवहन को सर्वमंगला रेलवे फाटक से उरगा नहर मार्ग तक प्रतिबंधित कर किसी अन्य वैकल्पिक मार्ग से परिवहन करवाने की व्यवस्था किया जावें।

उधार में दी रकम वापस नहीं मिलने पर उठाया आत्मघाती कदम, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उधार में मोटी रकम देने के बाद रकम वापस मांगने पर उसके खिलाफ ही पुलिस में झूठी शिकायत करने और ऊंची पहुंच का धौंस देने से प्रताड़ित होकर आखिरकार ग्राम बाता निवासी रमाशंकर पाटले ने आत्महत्या कर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। मरने से पूर्व अपने ससुसाइड नोट में भी रमाशंकर ने दो लोगों को मोटी रकम उधार में देने और रकम वापस मांगने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या करने का उल्लेख किया है। बावजूद इसके अब तक दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नही की गई है जिससे मृतक रमाशंकर के परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

मृतक।

खास बात

- दो लोगों को ठहराया अपनी मौत का जिम्मेदार

ग्राम बाता निवासी रमाशंकर पाटले पिता बुधवारु पाटले ने शरद मसीह और रंजीत रात्रे को मोटी रकम उधार में दी थी। आत्महत्या से पूर्व लिखे सुसाइड नोट में रमाशंकर ने उल्लेख किया है कि क्वार्टर नंबर एलसीएच 13 चटईनार निवासी रंजीत कुमार रात्रे पिता कौशल प्रसाद रात्रे को उसने 5 लाख रुपए की रकम उधार में दी थी। इसी तरह रविशंकर नगर निवासी शरद एस मसीह पिता समुएल मसीह को भी 6 लाख उधार में दिए थे। जिसके बाद जरुरत पड़ने पर रमाशंकर पाटले द्वारा रंजीत कुमार रात्रे और शरद मसीह से उधार में दी गई रकम वापस करने की मांग की गई तब उक्त दोनो लोगों के द्वारा आज देंगे कल देंगे कहकर रमाशंकर को भ्रम में रखा गया। रकम वापसी के एवज में चेक दिया गया पर पैसा नहीं दिया गया। कई बार रकम वापसी की मांग करने पर रंजीत रात्रे द्वारा उसके खिलाफ कटघोरा थाना में झूठी शिकायत दर्ज करा दी गई। रमाशंकर के कटघोरा थाना पहुंचने पर रंजीत सिंह द्वारा उल्टा उसे धमकी दी गई और पैसे की डिमांड की गई। इसी तरह शरद मसीह भी बार बार पैसा मांगने के बाद भी पैसा वापस नहीं किया। बार बार घुमाया गया और ऊंची पहुंच की धौंस दी गई जिससे मानसिक रुप से परेशान होकर रमाशंकर पाटले द्वारा जान देने का आत्मघाती कदम उठाना पड़ा। इस हादसे के बाद रमाशंकर को एनकेएच अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आईसीयू मे उपचार के दौरान कुछ दिनों में पैसों की तंगी को देखते हुए परिजनों ने उसे जिला अस्पताल रेफर करा लिया जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को रमाशंकर पाटले की मौत हो गई। हैरानी वाली बात यह है कि सुसाइड नोट में रकम देने और रकम वापस नहीं मिलने के कारण रंजीत रात्रे और शरद मसीह से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने का उल्लेख होने के बाद भी अब तक पुलिस ने उक्त दोनों लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। मृतक रमाशंकर के परिजनों ने रंजीत और शरद के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करने की मांग की है।

रेल कोच में लगी आग को बुझाने का किया गया प्रयास

मॉकड्रील के दौरान आग बूझाते हुए।

कोरबा। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कड़े कदम उठाए जाते हैं। आपात स्थिति में आग की रोकथाम के लिए स्टेशनों और गाड़ियों के एसी कोच आदि में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध कराए जाते है। आग लगने के दौरान ट्रेन में उपलब्ध अग्निशमन उपकरण का प्रयोग सभी कर्मचारी कर सकें। इसी उद्देश्य बिलासपुर माल गोदाम के पास कंडम कोच में आग लगने का प्रदर्शन कर कर्मचारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। 9 मई को वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के मार्गदर्शन में नागरिक सुरक्षा निरीक्षकों तथा संरक्षा सलाहकारों द्वारा कोचिंग डिपो तथा दुर्घटना राहत यान के कर्मचारियों को फायर सेफ्टी नियमों की जानकारी दी गई तथा एक सवारी गाड़ी के कंडम कोच में ज्वलनशील सामान पर आग लगाकर उसे बाहर निकाला गया तथा अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने की विधियों के बारे में प्रशिक्षण देकर उनके ही हाथों अग्निशमन यंत्र का उपयोग कराकर आग को बुझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने कर्मचारियों को आग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया गया।

खास बात

- आपात स्थिति से निपटने किया गया मॉकड्रिल

आधुनिक तकनीक से कोल स्टॉक का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीवीओ जयंत कुमार खमारी के नेतृत्व में एसईसीएल सतर्कता विभाग ने अत्याधुनिक तकनीक की मदद से एसईसीएल के कुसमुंडा एवं रायगढ़ क्षेत्रों में कोयला स्टॉक, आईटी उपायों जैसे वे-ब्रिज, बूम बैरियर, सीसीटीवी आदि का किया निरीक्षण।

कोयला मंत्रालय से प्राप्त निर्देशानुसार, गुड गवर्नेंस को बढ़ावा देने एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एसईसीएल सतर्कता विभाग द्वारा मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खमारी के नेतृत्व में एसईसीएल के कुसमुंडा एवं रायगढ़ क्षेत्र में कोयला स्टॉक को मापने का व्यापक अभियान चलाया गया। निवारक सतर्कता (प्रिवेंटिव विजिलेन्स) के तहत चलाए गए इस अभियान में कोयला स्टॉक निरीक्षण करने के लिए सतर्कता विभाग द्वारा 2 टीमों का गठन किया गया था जिसमें 8-9 कोल स्टॉक भंडारण एवं मापने के विषय विशेषज्ञ अधिकारी भी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान इन टीमों द्वारा कोयला स्टॉक मापने के लिए एडवांस्ड 3डी टीएलएस तकनीक का प्रयोग किया गया। इस अभियान के दौरान शनिवार एवं रविवार सहित सतर्कता विभाग की टीमों ने लगातार 6 दिन भीषण गर्मी का सामना करते हुए हर हिस्से में जाकर कोयला स्टॉक की जांच की। कई-कई जगह कोयला स्टॉक की मात्रा काफी अधिक थी लेकिन फिर भी टीम ने पूरी मुस्तैदी पूरे स्टॉक को मापा।

कोल स्टॉक का निरीक्षण करता सीवीओ।

कोयला स्टॉक मापने के अतिरिक्त इस अभियान में विभिन्न आईटी उपायों जैसे वे-ब्रिज, बूम बैरियर, सीसीटीवी, डबल्यूसीएस तथा कोल हैंडलिंग प्लांट, दोनों तरफ का वेमेंट, आदि की भी वृहत समीक्षा की गई। सरकारी कोयला एवं लिग्नाइट कंपनियों में गुड गवर्नेंस को बढ़ावा देने एवं कोयला स्टॉक मापने से जुड़ी गतिविधियों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से इस अभियान की परिकल्पना अपर सचिव एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोयला मंत्रालय श्रीमती रूपिंदर बरार द्वारा की गई। श्रीमती बरार के दिशा-निर्देशन में संभवतः पहली बार देशभर की कोल एवं लिग्नाइट कंपनियों में एक साथ कोयला स्टॉक जाँचने का यह व्यापक अभियान चलाया गया। मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोल इंडिया ब्रजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा भी एसईसीएल में चलाए गए अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की गई।

पीपीओ रिवाइज्ड किए जाने की प्रक्रिया में हुई देरी

कोल पेंशनरों का डाटा नहीं जुटा पाई कोल कंपनियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की सहायक कंपनियों के कोल पेंशनरों से डेटा जुटाने में देरी से सभी कोयला पेंशनभोगियों का पेंशन पेमेंट ऑर्डर रिवाइज्ड नहीं हो पाया है। पीपीओ रिवाइज्ड होने के बाद ऑनलाइन प्रक्रिया होने से जीवनसाथी को लाभार्थी की मृत्यु पर पेपरलेस पेंशन भुगतान की सुविधा मिलेगी। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के फेर में कोयला पेंशनरों के जीवनसाथी को परेशान नहीं होना पड़ेगा और बिना देरी के पेंशन का भुगतान भी हो सकेगा।

कोयला कर्मियों को सेवानिवृत्ति के बाद हर महीने पेंशन का भुगतान किया जाता है। कोल पेंशनरों की मृत्यु पर जीवनसाथी को उसके जीवित रहने तक नियमानुसार पेंशन देने का प्रावधान है। जीवनसाथी को लाभार्थी की मृत्यु पर पेंशन पाने दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे दुख की घड़ी में परेशानी झेलनी पड़ती है। रिटायर्ड कोयला कर्मियों को पेंशन भुगतान करने वाली कोल माइंस पेंशन फंड आर्गेनाइजर के पीपीओ रिवाइज्ड कर ऑनलाइन कर प्रकिया पेपरलेस करने की है ताकि बिना किसी कागजी कार्रवाई के जीवनसाथी को लाभार्थी की मृत्यु पर पेंशन भुगतान हो सके। मगर कोल इंडिया की अनेक कोयला कंपनियों ने अब तक कोल पेंशनरों का डाटा नहीं जुटा पाई है। हालांकि इस प्रक्रिया में विलंब होने पर सीआईएल ने अपने सहायक कोयला कंपनियों में नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर एरिया दफ्तरों में हेल्प डेस्क भी स्थापित की है, मगर रिटायरमेंट के बाद सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों के दूसरी जगह शिफ्ट हो जाने से भी पीपीओ रिवाइज्ड किए जाने की प्रक्रिया में देरी हुई है। कोल इंडिया ने एसईसीएल समेत अन्य सहायक कोयला कंपनियों से रिटायर्ड कोल पेंशनरों को अब 30 जून के पहले अनिवार्य रूप से दस्तावेज अपने संबंधित एरिया कार्यालय में जमा कराने अपील की है। तय प्रारूप में भरकर जरूरी दस्तावेजों समेत कंपनी के पेंशन विभाग में जमा कराना होगा। इससे आश्रित के भविष्य को सुरक्षित होने के साथ निरंतर पेंशन भुगतान हो सकेगा। इस संबंध में कोयला कंपनियों के दफ्तरों में पेंशनरों को जानकारी लेने कहा है।

एआईएसीई के प्रस्ताव पर अमल नहीं

डाटा जुटाने एआईएसीई के प्रस्ताव को अमल में नहीं लाया ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एन्जीक्यूटिव ने सुझाव दिया था कि कोल पेंशनरों की डाटा पेंशन वितरण बैंको से जुटाई जा सकती है। मगर इसे अमल में नहीं लाया गया है। अनेक कोयला कंपनियां सभी पेंशनभोगियों से अब तक डाटा नहीं जुटा पाया है। जबकि लगभग 7 महीने का लंबा समय गुजर गया है।

करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत लेपरा के आश्रित ग्राम महुआपारा निवासी एक व्यक्ति को करेंट लगने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार महुआपारा निवासी जाहिलाद यादव मजदूरी व बिजली मिस्त्री का काम करता था। ज्ञात हो कि बरभांठा के आंगनबाड़ी के पास स्ट्रीट लाइट काफ़ी दिनों से खराब थी, जिसे सुधार करने के लिए वह खम्भे पर चढ़ गया, बताया जा रहा है खंबे में बिजली चालू हालत में थी, स्ट्रीट लाइट सुधारने के दौरान करंट लगने से जमीन पर गिर गया, तत्काल स्थानीय लोगो द्वारा गंभीर हालात में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी उपरोड़ा लाया गया। जहा चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्ट्रीट लाइट खराब होने की सूचना बिजली विभाग को दी जा चुकी थी। बावजूद इसके स्ट्रीट लाइट का सुधार नहीं किया गया था। बिजली विभाग की लचर व्यवस्था की वजह से यह घटना घटी है।

खास बात

- बांगो थाना क्षेत्र का मामला

11- MAY-Jash-CORIYA-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/11/2024 7:41 PM Page 1



प्रभास ने शुरू की 'कन्नप्पा' की शूटिंग, पोस्टर जारी

मुंबई। फिल्म निर्माता और साउथ अभिनेता विष्णु मांचू अपनी महत्वकांक्षी परियोजना 'कन्नप्पा' फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। 'कन्नप्पा' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले, निर्माताओं ने खुलासा किया कि बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के कलाकार प्रभास को लेकर है। यूं तो प्रभास के किरदार पर कई अपडेट आ चुके हैं, लेकिन अब उनकी शूटिंग के बारे में नया अपडेट सामने आया है।

लाइफ Style

श्रुति शर्मा

आसान नहीं था इंटीमेट सीन

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' इन दिनों चर्चाओं में हैं। यूं तो सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोयराला, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल से लेकर ऋचा चड्ढा तक लीड रोल में नजर आईं, जिनकी एक्टिंग की चर्चाएं भी हो रही हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भंसाली के मास्टरफीस में कई किरदार ऐसे हैं, जिनके किरदारों की लोग खूब तारीफ कर रहे हैं। 29 साल की एक्ट्रेस श्रुति शर्मा भी इस सीरीज का हिस्सा है। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस श्रुति शर्मा ने भी इन्हीं की तरह काफी पॉपुलैरिटी हासिल की है। उन्होंने 'सायमा' का किरदार निभाया। हाल ही में उन्होंने सीरीज में 'मल्लिकाजान' के ड्राइवर 'इकबाल' यानी रजत कौल के साथ निभाए गए इंटीमेट सीन को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि इंटीमेट सीन को शूट करना आसान नहीं था। इसके लिए उन्हें काफी दर्द और तकलीफ झेलनी पड़ी।

एक इंटरव्यू में श्रुति ने कहा, 'एक सीन है जिसमें मैं और इकबाल (मल्लिकाजान का ड्राइवर) शामिल हैं, जिसमें हम रोमांटिक हैं। मतलब यह बेहद रोमांटिक सीन है। उस तरह का रोमांस मैंने पहली बार स्क्रीन पर किया था।' हम घूम रहे थे और बात कर रहे थे और आप जानते हैं कि यह कठिन कोरियोग्राफी थी।' मेरे शरीर पर रैशेज पड़ गए, क्योंकि यह बहुत कठोर थे। मुझे लगता है कि हमने उस सीन को पूरे दिन शूट किया और जब वह सीन खत्म हुआ तो मेरा काजल धूल-मिट्टी की वजह से खराब हो गया था लेकिन, सीरीज में ये सीन बहुत सुंदर लग रहा है।

हॉलीवुड मसाला

जेंडया को देख टॉम हुए लट्टू

लॉस एंजिलिस। जेंडया हाल ही में मेट गाला 2024 फैशन इवेंट में शामिल हुईं। उन्होंने अपने दोनों लुक्स से फैंस के होश उड़ा दिए। बॉयफ्रेंड टॉम हॉलैंड भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। दोनों का रिलेशनशिप कई बार ऑन-ऑफ हुआ, लेकिन वे इशारों में एक-दूसरे के लिए प्यार जताने से पीछे भी नहीं हटते। हाल ही में जेंडया दुनिया के प्रतिष्ठित फैशन इवेंट मेट गाला 2024 में शामिल हुईं। फूलों, तितलियों और चिड़ियों वाली दो ड्रेसेस पहनी, जिसमें वो बला की खूबसूरत लगीं।

रिहाना, लेडी गागा और कैटी पेरी की तस्वीरें देख लोग खा गए गच्चा

लॉस एंजिलिस। मेट गाला में ग्लोबल सितारों का तांता लगा, जबकि कई जाने-माने सितारे इस फैशन इवेंट में शिरकत नहीं कर पाए। इस लिस्ट में रिहाना, कैटी पेरी और लेडी गागा का नाम शामिल है। लेकिन ये हसीनाएं एआई के डीपफेक का शिकार हो गईं। इनकी नकली फोटो देख फैंस गच्चा खा गए। साउथ से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड तक के कई सितारे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के डीपफेक टूल का शिकार हो चुके हैं, जिसमें चेहरा किसी और का होता है और बॉडी किसी और की। इन तस्वीरों को देखकर असली और नकली में फर्क करना भी मुश्किल हो जाता है। अब मेट गाला 2024 में शिरकत करने वाले सितारों की तस्वीरों के साथ भी खिलवाड़ हुआ है। रिहाना से लेकर कैटी पेरी और लेडी गागा तक की फोटोज को एआई के डीपफेक टूल की मदद से एडिट करके खूब शेयर किया जा रहा है, जबकि तीनों ही इस साल फैशन इवेंट में शामिल ही नहीं हुई हैं।

कपिल शर्मा ने छिड़का जले पर नमक

नई दिल्ली। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया प्रोमो सामने आ गया है जिससे पता चला है कि शो में संजय लीला भंसीली की सीरीज 'हीरामंडी' की अदाकाराएं शिरकत करने वाली हैं। शो में कपिल शर्मा पानी पूरी का ठेला लगाएंगे। लेकिन जब 'हीरामंडी' की अदाकाराएं उनसे पानी पूरी खिलाने को कहेंगी तो कपिल उन्हें खिलाने से इनकार कर देंगे। कपिल शर्मा शो में सोनाक्षी सिन्हा से उनकी शादी को लेकर भी सवाल करने वाले हैं। प्रोमो में कपिल कहते हैं- 'आलिया ने शादी की, कियारा ने भी कर ली। आप कब करेंगी?'ऐसे में सोनाक्षी उन्हें जवाब देती हैं, 'जले पर नमक डाल रहे हो, वो जानता है कि मुझे कितनी जोर से शादी करनी है।' इसके अलावा ऋचा चड्ढा सोनाक्षी से पूछती हैं कि उन्होंने सबसे ज्यादा कितने रीटेक लिए हैं। तो सोनाक्षी कहती हैं कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने 12 से ज्यादा रीटेक लिए होंगे।



रोल बेच रहे मासूम की मदद के लिए आए सामने

मुंबई। 'सिंघम' फ्रेंचाइजी के साथ अपने रचे कॉप यूनिवर्स के साथ दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले रोहित शेट्टी की फिल्म में अर्जुन कपूर खलनायक के रोल में नजर आने वाले हैं। अभिनेता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। अर्जुन सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। अब हाल ही में उन्होंने दरियादिली दिखाई और रोल बेच रहे एक लड़के की मदद की है। इस वीडियो में वह बच्चा अपने पिता को खोने के बाद सड़क पर रोल बेचकर घर चलाता है। अब इस बच्चे की वीडियो को देखकर अर्जुन कपूर का दिल पसीज गया है। अभिनेता 10 वर्षीय जसप्रीत सिंह की मदद के लिए आगे आए हैं। अर्जुन ने जसप्रीत के साहस की सराहना की है। उन्होंने लिखा, 'चेहरे पर मुस्कान के साथ, वह आगे की जिंदगी और उसके साथ आने वाली सभी चीजों का सामना कर रहा है।

टीवी मसाला



'भाभी जी घर पर हैं' का ट्रेलर आउट, फैमिली ड्रामा है मूवी

नई दिल्ली। अब तक आप सब टीवी पर भाभी जी घर पर हैं कॉमेडी सीरियल देखते आए हैं, लेकिन अब इसी टाइटल से एक फिल्म का निर्माण हुआ है। जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है। हाल ही में वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शंस प्रस्तुत निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह की फिल्म 'भाभीजी घर पे है' का ट्रेलर आउट हो गया है। इस फिल्म में रिंकू घोष, गौरव झा, संचिता बनर्जी, रक्षा गुप्ता, देव सिंह और राकेश बाबू प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसका निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है।फिल्म का ट्रेलर 4:13 मिनट का है, जिसमें फिल्म की एक आकर्षक झलक देखने को मिल रही है।संवाद और गाने भी कमाल के लग रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को खूब पसंद भी आ रह है। फिल्म को लेकर निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा कि फिल्म बेहद दमदार बनी है। इसकी झलक ट्रेलर मंल साफ दिखाई दे रही है। पूरी तरह से कमर्सियल होते हुए भी फिल्म की कलात्मक प्रस्तुति और नरेशन इतना जानदार है कि दर्शक जब फिल्म देखेंगे, तो महसूस कर पायंगे कि भोजपुरी सिनेमा कितनी समृद्ध हो चली। बात अगर फिल्म की कहानी की करें तो सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों पर इसकी कहानी आधारित है।

श्रद्धा आर्या लीप के बाद 'कुंडली भाग्य' को कहेंगी अलविदा

नई दिल्ली। एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या ने टीवी से लेकर साउथ की फिल्मों तक अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। एक्ट्रेस को इन दिनों टीवी के पॉपुलर सीरियल 'कुंडली भाग्य'में देखा जा रहा है। इस शो में वह 'प्रीता'का किरदार निभा रही हैं। 'कुंडली भाग्य' टीवी पर टेलीकास्ट होने वाले सबसे लंबे शोज में से एक है। शो में पहले भी जनरेशन लीप आ चुका है जिसके बाद सीरियल में कई नए एक्टर्स की एंट्री हुई थी और अब लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार श्रद्धा आर्या के इस लोकप्रिय शो में एक बार फिर लीप आने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो की नई कहानी अच्छी टीआरपी लाने में विफल रही है। जिसके बाद मेकर्स ने शो में एक और लीप लाने का फैसला किया है। 'कुंडली भाग्य' के अपकमिंग लीप के बाद एक्टर पारस कलनावत, सना सैय्यद और बसीर के साथ ही श्रद्धा आर्या भी शो को अलविदा कह देंगी।

अनोखे किरदार में आएंगे नजर

मुंबई। सैफ अली खान के फिल्मी करियर में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला है। 2023 में आई सैफ अली खान की 600 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'आदिपुरुष' भी फ्लॉप रही। फिल्मों में दमदार भूमिका निभाने के बाद भी सैफ को उनकी कई फिल्मों में लगातार निराशा ही हाथ लगी है। लेकिन अब लगता है कि निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म सैफ अली खान के लिए वरदान साबित हो। इस फिल्म में सैफ एक ऐसा किरदार निभाएंगे, जिसे उन्होंने आजतक कभी नहीं निभाया है।

फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव ने एक अंधे व्यक्ति का किरदार निभाया है। वहीं, अब सैफ अली खान ने 'श्रीकांत' की राह अपना ली है। निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म में सैफ एक अंधे व्यक्ति की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जुलाई और अगस्त के महीने में शुरू की जाएगी। इस फिल्म की शूटिंग को प्रियदर्शन सिर्फ 40 दिनों में ही खत्म कर देंगे। 'हेरा फेरी', 'गरम मसाला', 'भागमभाग', 'चुप चुप के' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले निर्देशक प्रियदर्शन की दो फिल्में इस साल रिलीज होंगी। पहली मलयामल फिल्म है, जिसे वह अक्षय कुमार के साथ बना रहे हैं। दूसरी फिल्म सैफ अली खान के साथ बनाने का फैसला लिया है। प्रियदर्शन ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक फिल्मों का निर्देशक किया है। सैफ के साथ ही उनके फैंस को भी उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। प्रियदर्शक के साथ सैफ की इस फिल्म की रिलीज डेट की अभीतक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फैंस सैफ की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

सांवली लड़की के जज्बे की सपनों भरी कहानी है 'खूबसूरत'

नई दिल्ली। कलर्स चैनल नए शो 'खूबसूरत' के आगमन का संकेत दे रहा है, जो एक दिल छू लेने वाली कहानी है। यह दर्शकों को मुंबई की जिंदगी के मुश्किल मोड़ों की खास यात्रा पर ले जाने को तैयार है। चैनल सपनों की इस कहानी में दर्शकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उन्हें एक साधारण लड़की नव्या के प्रति आकर्षित करेगी, जिसके जीत का जज्बा (जुनून) उस शहर की धड़कन की तरह अजेय है, जिससे वह जुड़ी है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है। परिवार में वह एकमात्र सांवली है और इस कारण अपने पिता की अस्वीकृति के बावजूद वह कुछ बड़ा करना चाहती है। अपने आस-पास के लोगों द्वारा उसकी त्वचा के रंग को लेकर किए जाने वाले तानों से विचलित हुए बिना नव्या ने अपना घर चलाने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाओं पर ब्रेक लगाने से इनकार किया है। चाहे वह मेज पर इंतजार कर रही हो, अपनी शहनाई के साथ बारातों का स्वागत कर रही हो या भोजन पहुंचा रही हो, कोई भी काम उसे अपनी धूप की ऊर्जा के साथ जीवन को आगे बढ़ाने से नहीं रोक सकती। सामाजिक मानदंडों की चुनौतियों के साथ, क्या उसका जज्बा सफलता के मुकाम पर पहुंचेगा?

अदाकारी ही नहीं, फैशन में भी माहिर हैं बॉलीवुड हसीनाएं

मुंबई। हिंदी सिनेमा उद्योग बहुमुखी प्रतिभाओं से भरा हुआ है। बॉलीवुड के कई सारे कलाकार अभिनय के अलावा कई कार्यों में पारंगत हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण उनके प्रशंसकों की लिस्ट भी बहुत भारी-भरकम है। आज हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के नाम जानेंगे, जो अभिनय के साथ-साथ फैशन डिजाइनर भी हैं।

शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी 90 के दशक की अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री अपनी फिटनेस और खूबसूरती के चलते अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनके प्रशंसक उन्हें फिटनेस आइकन मानते हैं। शिल्पा शेट्टी का फैशन सेंस भी बहुत ही शानदार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री एक शानदार डांसर, कुक के साथ-साथ फैशन डिजाइनर भी हैं।

बड़े ब्रांड्स की हैं मालकिन

दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण का नाम बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली अभिनेत्रियों में शामिल है। उनके अभिनय की ना सिर्फ प्रशंसक, बल्कि आलोचक भी सराहना करते हैं। दीपिका ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत 'ओम शांति ओम' से की। जब से उन्होंने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की तब से लेकर अब तक उन्होंने एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में दी। दीपिका अपने फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। बता दें कि दीपिका पादुकोण अभिनेत्री के साथ-साथ एक फैशन डिजाइनर भी हैं।

आलिया भट्ट

आलिया भट्ट भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शुमार है। अभिनेत्री दुनिया के सौ सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शामिल हैं। अभिनय के क्षेत्र में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और छह फिल्मफेयर पुरस्कार मिल चुके हैं। बॉलीवुड में आलिया ने अपने करियर की शुरुआत करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया ने अपना पहला रैंप वॉक अपनी ड्रेसेज के शो में किया था।

मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की सबसे फिट अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने बॉलीवुड की कई प्रतिष्ठित फिल्मों में अपने डांस की प्रस्तुति दी है। जिसमे 'दिल से'फिल्म में 'छैया छैया', 'दबंग' में 'मुन्नी बदनाम हुई' जैसी फिल्में शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री का 'द क्लोसेट लेबल' नाम का एक ब्रांड भी है।

खबर संक्षेप

महिला समिति ने खदान में खोला प्याऊ

रायगढ़। श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल विलासपुर के तत्वावधान में सुचेतना महिला समिति रायगढ़ क्षेत्र की टीम परहित और कल्याण को समर्पित सेवा एवं सदभाव से अर्पित श्रीमती पूनम मिश्रा अध्यक्षा श्रद्धा महिला मंडल के मार्गदर्शन मे सुचेतना महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती रीना पांडे के दिशानिर्देशन में 9 मई को जामपाली खुली खदान के काली मंदिर प्रांगण मे समाज के प्रति सेवा भावना से समर्पित के तहत प्याऊ स्टाल की शुभारम्भ की गई। जिसमे जल जीरा, रसना, आम का पन्हा तथा तरबूज की सेवा साथ शुरुवात की गई। उक्त कार्यक्रम मे सुचेतना महिला समिति की श्रीमती वृंदा चौबे, श्रीमती स्नेहा अटल, श्रीमती मंजू अहिरवार, श्रीमती कल्याणी प्रधान, की गरिमामयी उपस्थित रहीं।

नए आयाम गढ़ रहा आलोक इंटरनेशनल स्कूल

खरसिया। खरसिया के रजघटा में संचालित आलोक इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम गढ़ रहा है। आलोक इंटरनेशनल स्कूल की संचालिका सना बजाज ने बताया कि खरसिया में एक अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी से भरपूर आलोक इंटरनेशनल स्कूल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपना परचम लहराया है, यहां यह बताना उल्लेखनीय होगा कि इस स्कूल को खरसिया के प्रसिद्ध उद्योगपति स्वर्गीय मुरली अग्रवाल ने अपने पुत्र आलोक अग्रवाल के आकस्मिक निधन के पश्चात उसकी स्मृति में लगभग आठ वर्ष पहले निर्मित किया था।

45 पाव शराब के साथ बाइक जब्त, एक गिरफ्तार

रायगढ़। खरसिया पुलिस क्षेत्र में जुआ सट्टा अवैध शराब पर अंकुश लगाने अभियान स्तर पर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आज गुरुवार को खरसिया पुलिस को पेट्रोलिंग दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि हेमंत डनसेना अपने ढाबा में अवैध बिक्री के लिए मोटर सायकल स्प्लेंडर पर शराब लेकर खरसिया से भालूनारा की ओर आ रहा है। सूचना पर खरसिया पुलिस मेन रोड़ चोढ़ा के पास घेराबंदी कर संदेही हेमंत डनसेना को हिरासत में लिया गया जिसके पास रखे बैग में रखे 35 पाव देसी प्लेन, 10 पाव जम्मू विस्की अंग्रेजी शराब एवं 2 पाव मैकडॉवेल नंबर वन शराब 'जुमला 45 पाव शराब कीमती 5 हजार एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्प्लेंडर सीजी 13 यूबी 7948 कीमती 20 हजार जब्त किया गया।

ठेकेदार की हत्या, आरोपी को आजीवन कारावास

रायगढ़। जिंदल उद्योग में लेबर सप्लाई करने वाले झारखंड के ठेकेदार की जघन्य हत्या कर शव के टुकड़े कर फेंकने वाले आरोपी शंकर कुमार पासवान जिला पलामू झारखंड हाल मुकाम पतरापाली को जिला एवं सत्र न्यायालय ने धारा 302 के तहत अपराध सिद्ध होने पर आजीवन कारावास और दो हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

छाल वनपरिक्षेत्र के भलमुडी की घटना

तेन्दूपत्ता तोड़ने के दौरान ग्रामीण को हाथी ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल वन परिक्षेत्र के आरएफ 519 औरानारा में गुरुवार को हाँथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक का नाम सुबरन राठिया पिता बुद्धु राठिया निवासी भलमुडी के रूप में हुई है। बताया जा रहा मृतक कल दोपहर से तेंदूपत्ता तोड़ने गया था रात में वापस नही आया। सुबह जब पता लगाया गया तो जंगल मे सुबरन राठिया की लाश मिली।

बताया जा रहा मृतक कल दोपहर से तेंदूपत्ता तोड़ने गया था रात में वापस नही आया। सुबह जब पता लगाया गया तो जंगल मे सुबरन राठिया की लाश मिली। ग्रामीणों का कहना है की कल बुधवार को घर से तेन्दु पत्ता गड्डी बांधने जंगली रस्सी लेने अपने खेत के पास जंगल गया था। शाम तक घर वापस नहीं आया तब जाकर आज ग्रामीणों द्वारा जंगल में खोजबीन करने पर मृत अवस्था में पाया गया। बता दें छाल रेंज में हाथी हमले से अब तक 59 व्यक्तियों की मौत हो चुकी हैएवहीं अब तलक यहां 28 हाथियों की भी कब्रगाह बन चुकी है।हाथी मानव द्वंद को कम करने वन विभाग के सारे कवायद धरातल पर सिफर ही साबित हो रहे हैं।यह भी बता दें की मौजूदा रेंज अफसर अपने वन परिक्षेत्र में वनों की कटाई रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं वहीं जब से सन 2021 से इन्होंने छाल वन परिक्षेत्र का पदभार संभाला है तब से आज तक यहां 5 हाथियों की अकाल मौत हो चुकी है वहीं हाथियों द्वारा 6 ग्रामीणों की भी जनहानि हो चुकी हैएजो की विभाग के लिए काफी चिंता का विषय है।

घटते कटते जंगल बढ़ते हाथी

वर्तमान परिदृश्य में वन मंडल के छाल क्षेत्र में लगातार वनों की अवैध कटाई हो रही है जिसे रोक पाने संबंधित अधिकारी कर्मचारी असमर्थ नजर आ रहे हैं वहीं जंगली हाथियों की संख्या में इजाफा हो रहा है जो की नष्ट होते वनों के चलते भोजन पानी की तलाश में अब रिहायशी इलाकों में घुसने लगे हैं इंसानों ने जंगल में घुसपैठ अतिक्रमण करना तेज कर दिया है ऐसे में हाथी कहां जायेंगे वे भी इंसानी आबादी वाले क्षेत्रों में आने को मजबूर हैं।

सापखंड के जंगल में मिली युवक की अर्धनग्न लाश, शिनाख्त नहीं

रायगढ़। ओड़ीशा बॉर्डर से लगे सांपखड़ जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में अर्धनग्न हालत में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मर्च्युरी भेज पहचान में जुट गई है। इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर ग्राम विश्वनाथपाली और कोसमपाली के बीच सांपखड़ जंगल में ग्रामीणों ने अर्धनग्न हालत में एक अधेड़ व्यक्ति को जमीन पर पड़े हुए देखा। शरीर पर कोई हरकत नहीं होने के कारण उनके होश उड़ गए। उन्होंने नजदीकी चक्रधर नगर थाना को सूचित किया तो पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शख्स की नब्ज टटोली तो पाया कि उसकी मौत हो चुकी थी। वर्दीधारीयों ने मृतक की पहचान के लिए आसपास पूछताछ की लेकिन शिनाख्ती नहीं हो पायी। फिर क्या पुलिस ने शव को लावारिस मानते हुए उसे जिला अस्पताल के मर्च्यूरी रूम में रखवाया और मृतक की पहचान के लिए जरूरी कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

वन विभाग के सुपुर्द हुआ दुर्लभ प्रजाति का पेंगोलिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में बीते बुधवार रात दुर्लभ प्राजाति का जीव पेंगोलिन को घूमते हुए देखा गया। इसके बाद उसे मोहल्ले वासियों ने पकड़कर थाना ले गए जहां उस पेंगोलिन को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। यह जूटमिल थाना क्षेत्र का मामला है।

■ वन अमले ने सुरक्षित जंगल में छोडा

जानकारी के मुताबिक रात करीब दस बजे वार्ड क्रमांक 32 के जगदेव स्कूल के पीछे दुर्लभ जीव पेंगोलिन आ गया। तभी उसपर क्षेत्र के बच्चों की नजर पड़ीं। धीरे धीरे पूरे क्षेत्र में इसकी खबर फैल गई और लोग इकट्ठा हो गए। इसकी जानकारी क्षेत्र के पार्षद को दी गई। इसके बाद मोहल्ले वासियों ने जानकारी मिलते ही वनकर्मी तत्काल जूटमिल थाना पहुंचे, जहां पेंगोलिन को वन अमला को सुपुर्द कर दिया गया। रायगढ़ डिप्टी रेंजर दिनबंधु प्रधान ने बताया कि रात में दुर्लभ जीव पेंगोलिन मिलने की सूचना आयी थी।

जिसके बाद मौके पर उसे वन विभाग ने अपने सुपुर्द में लिया। अब उसे सुरक्षित ढंग से जंगल में छोड़ा जाएगा।

निर्वाचन अधिकारी, प्रेक्षक और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील हुई ईवीएम

रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण में 7 मई को रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात रायगढ़ जिले के 4 विधानसभाओं के ईवीएमए वी वी पै ट मशीनों के जमा करने का सिलसिला गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज परिसर में चलता रहा। तत्पश्चात आज चारों विधानसभाओं के मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया।

■ 27 दिनों के लिए कडी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम सील

उल्लेखनीय है कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के लिए विधानसभा वार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज रायगढ़ में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। वहीं स्ट्रांग रूम की चौबीस घंटे सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए है। सभी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम सुरक्षा हेतु दरवाजे पर सुरक्षा बल के अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। सुरक्षा की मॉनिटरिंग हेतु कक्ष बनाए गए है। जहां से सभी स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है।

4 जून को होगी मतगणना

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 7 मई को हुए मतदान के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। जो आगामी 4 जून को रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना की जाएगी।

शराब के नशे में छत से गिरा युवक, मौत

रायगढ़। शराब के नशे में छत में सो रहा युवक नीचे गिर गया, जिससे गंभीर चोट लगने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जुटमिल थाना क्षेत्र स्थित जेल कांम्प्लेक्स की छत पर मृतक सत्येंद्र सिंह 30 वर्ष हर दिन रात में सोता था, ऐसे में विगत एक मई को भी रात में नशे की हालत में सोया हुआ था, जिससे नींद में ही वह नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट लगी थी। जिससे आसपास के लोगों ने उसे मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा था, विगत 4 मई को मौत हो गई। अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर जुटमिल पुलिस उसके परिजनों की तलाश कर रही थी, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

महानदी का सीना छलनी कर रहे माफिया बेखौफ हो रहा रेत उत्खनन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ किकिरदा-बिर्रा

क्षेत्र में महानदी और हसदेव से रोजाना रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन हो रहा है। यहां से ना केवल रात में बल्कि दिन में भी रेत लोड गाड़ियां दौडते रहती है, तो भारी भरकम मशीनों से रेत का उत्खनन भी बेरोक टोक हो रहा है। वहीं जिम्मेदार विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

करही एवं आसपास के घाटों से रेत का अवैध परिवहन बेखौफ हो रहा है। माफिया जेसीबी और चैन माउंटेन लगाकर इस क्षेत्र में महानदी का सीना छलनी कर रहे है। इसके साथ ही अवैध परिवहन का काम भी ना केवल रात के अंधेरे में बल्कि दिन में भी बेरोक टोक होने लगा है। करही महानदी इन दिनों हर रोज ट्रैक्टरों से रेत का परिवहन धड़ल्ले से होता है। दिन और रात दौड़ रही गाड़ियां सैकड़ों ट्रिप रेत लेकर जाती है। इसके अलावा क्षेत्र से बड़े वाहनों में भी रेत का अवैध परिवहन होता है। इन सब पर रोक लगाने वाला जिम्मेदार खनिज ि वभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकता निभाई जाती है। मौके पर पहुंची टीम कभी कभार दो चार गाड़ियों को पकड़कर जुर्माना कर देती है। लेकिन लगातार होने वाले अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती।

ट्रेक्टरों के माध्यम से कर रहे रेत का अवैध परिवहन।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़। रेडक्रॉस के जनक सर हेनरी ड्यूनॉट के जन्म दिवस पर 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन कार्यालय भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ डॉ.बीके चंद्रवंशी सचिवध्मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ एवं डॉ.एचएस उरांव प्रभारी अधिकारी एवं उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सर हेनरी ड्यूनॉट एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना से किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित संतोष अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक सदस्य रेडक्रॉस रायगढ़ द्वारा रेडक्रॉस रायगढ़ की मानव कल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी। डॉ.उरांव ने रक्तदान शिविर, जिला दिव्यांगजन पुर्नवास का संचालन, आशा निकेतन वृद्धाश्रम का संचालन, निःशुल्क ऑक्सीजन सिलेण्डर, व्हील चेयर, एअर बेड, वाटर बेड की आदि रेडक्रॉस द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी एवं सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मुकेश शर्मा प्रबंधक रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर, डीपीएम सुश्री रंजना पैंकरा आदि मौजदू रहे।

जशपुर और सारंगढ़ में पिछड़ा, रायगढ़ जिले में बढ़ा सवा दो फीसद मतदान प्रतिशत

कलेक्टर गोयल ने जताया मतदाताओं का आभार

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए 07 मई शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने पर सभी मतदाताओं और निर्वाचन कार्य के सफल संपादन में भूमिका निभाने वाले सभी सहयोगियों का आभार जताया है। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अपने आभार संदेश में कहा है कि निर्वाचन की प्रक्रिया जन जन से जुड़ी होती। सभी की इसमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भूमिका होती है। रायगढ़ जिले में सभी ने अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया जिसके फलस्वरूप रायगढ़ जिले ने मतदान में नया कीर्तिमान रचते हुए पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड बनाया है। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी मतदाताओं, निर्वाचन में संलग्न कर्मचारियों के सहयोग हेतु विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के दौरान 7 मई को हुए मतदान में रायगढ जिला पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मतदान वाले जिलों की श्रेणी में प्रथम पायदान पर पहुंच गया है। बीते पंचवर्षीय के मुकाबले इस बार रायगढ जिले में सवा दो फीसद अधिक मतदान दर्ज किया गया है। वहीं लोकसभा क्षेत्र में सारंगढ व जशपुर के मतदाताओं की उदासीनता के कारण मतदान प्रतिशत में कुछ कमी जरुर आई है किंतु जिले में सर्वाधिक मतदान ने जिला प्रशासन की कोशिशों को कामयाब बनाया है।

जिले के चार विधानसभाओं में इस बार लोकसभा चुनाव में 81 फीसद मतदान

तमनार में उत्साहित नजर आए नव मतदाता

तमनार। लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के तमनार, पूंजीपथरा गेरवानी, तराईमाल सराईपाली राबो, मिलूपारा, धौरामांठा में शाम तक मतदाताओं द्वारा लगभग 80 प्रतिशत से अधिक मतदान किया गया। मतदान दिवस 7 मई वैशाख माह में काले बादल छाया रहा एवं कहीं कहीं रिमझिम बारिश होने से गर्मी से लोगो को राहत मिली भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में 10 आदर्श मतदान केंद्र व संगवरी मतदान बनाया गया था, वरिष्ठजनों हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी। आदर्श व संगवरी मतदान केन्द्रों मे स्वीप सेल्फी पॉइंट, मतदान केंद्रों में गर्मी से बचने के लिए टेंट व ओआरएस शरबत ठंडा पानी की व्यवस्था की गई। निर्वाचन में लगे अधिकारी कर्मचारियों, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, ग्राम पंचायत, सीआरपीएफ, पुलिस प्रशासन, राजस्व, वन एवं सामाजिक संस्थाओं महिला समूह, स्काउट गाइड, मितानिन कोटवार अन्य का सराहनीय योगदान से शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न हुआ।

पेज 1 का शेष

विधायक रायमुनी व गोमती साय ...

से की। ग्रामीणों को संबोधित करतीं विधायक रायमुनी भगत ने केंद्र में मोदी सरकार की लाभकारी योजनाओं पर सविस्तार प्रकाश डालते इसका लाभ उठाने प्रेरित किया। श्रीमती भगत ने विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनाने की बात कही। छत्तीसगढ़ राज्य में डबल इंजन की सरकार में विकास की गति तेज हुई है,यदि यहां भी डबल इंजन की सरकार बनती है तो मोदी की गारंटी के रूप में यहां का भी सर्वांगीण विकास होगा। केंद्र और राज्य दोनो में भाजपा की सरकार बना डबल इंजन की सरकार झारखंड में जनता को बनाने की आवश्यकता है।

विधायक गोमती का सघन ...

दिलचस्प हो गया है। विदित हो की झारखंड का आदिवासी बाहुल्य खूंटी लोकसभा क्षेत्र छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले से सटा हुवा होने की वजह से जशपुर जिले के लोगो का इस क्षेत्र के लोगो से खासा सम्पर्क रहता है साथ ही दोनों ही क्षेत्र के राजनितिक नेताओ के मध्य आपसी सामंजस्य देखा जाता रहा है यही वजह है की पत्थलगांव विधायक गोमती साय और जशपुर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता द्वारा लगातार बैठकें और स्थानीय कार्यक्रमों में उपस्थित होकर चुनावी सभाओं को संबोधित कर मोदी की गारंटी को बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर भाजपा के पक्ष में माहौल निर्मित किया जा रहा है। आम सभा में विधायक गोमती द्वारा छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार द्वारा महतारी वंदन, बकाया बोनस की माफी, 3,100 रुपये समर्थन मूल्य में धान खरीदी आदि मोदी की गारंटी के तहत अन्य योजनाओं का बखान करते हुवे कहा की हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी दिन रात,बिना थके भारत माता की सेवा में लगे हुए है, निजी स्वार्थ, परिवारवाद से काफी दूर स्वयं को राष्ट्र का प्रधानसेवक मानकर कार्य करते आ रहे है,आज पूरा देश साथ ही नहीं अपितु कई देशों के रहवासी इनकी मजबूत कार्यप्रणाली से अचंभित है,सामाजिक क्षेत्र हो या आर्थिक या फिर व्यापारिक और धार्मिक हर विषयों पर इन्होंने गंभीरता से काम किया है,आज हमे उन्हें पारितोषिक देने का समय है चलिए हम सभी मिलकर उन्हें आज तक की सबसे बड़ी जीत की ओर लेकर जाएं।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा की भाजपा सदैव सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करती रहती है,यहां राष्ट्र सेवा सभी की प्राथमिकता होती है,यही कारण है की देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ने 10 सालों में देश के विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए है छत्तीसगढ़ में विष्णु देव सरकार ने इन तीन महीनो में ही बता दिया कि मोदी की गारंटी में कितना दम है,सारे बड़े वादे इतने कम समय में पूरा करना अद्भुत है।

राय ने किया भाजपा प्रत्याशी के...

जनता से भाजपा को वोट देने की अपील की। श्री राय ने मोदी की गारंटी पर प्रकाश डालते हुए विकास के लिए मोदी पर भरोसा जताने का बात कही। श्री राय ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में अच्छा काम कर रहे हैं। गत 10 वर्ष में देश में विकास ने खासा रफ्तार पकड़ा है,झारखंड राज्य विकास के क्षेत्र में काफी पीछे है। यहां विकास के लिए राज्य में भी परिवर्तन की आवश्यकता है,ताकि डबल इंजन की सरकार यहां भी बन सके और विकास की रफ्तार यहां तेज हो सके। इस दौरान जशपुर जिला उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, जशपुर नपा. उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, जशपुर मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान, विजय सोनी, सुनिल सोनी, लाल मोहम्मद, नसीब खान, सहादुर बैगा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

एनटीपीसी लारा को पर्यावरण संरक्षण के लिए आपेक्ष इंडिया अवार्ड पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा स्टेशन को एपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों के लिए डायमंड अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

थर्मल पावर स्टेशनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण श्रेणी में एनटीपीसी लारा पिछले तीन वर्षों से लगातार यह पुरस्कार प्राप्त करने वाला एकमात्र स्टेशन है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी लारा स्टेशन पर्यावरण अनुकूल सुपर क्रिटिकल तकनीक से सुसज्जित है। इसकी दक्षता अन्य सबक्रिटिकल प्लांट से 40.5 प्रतिशत ज्यादा दक्षता सम्पन्न है। उच्च दक्षता सम्पन्न होने के कारण इस संयंत्र को बिजली उत्पादन के लिए कम कोयले की आवश्यकता होती है। कोयले की कम खपत के साथ यह संयंत्र पारंपरिक संयंत्रों की तुलना में कम ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न करता है और राख़ उत्सर्जन भी कम होता है। नई तकनीक के अलावाए एनटीपीसी लारा पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न उपाय करता है। मियावाकी तकनीक के साथ वनीकरण, मैत्री नगर टाउनशिप और आसपास के गांवों के खुले क्षेत्रों में लागू किया गया है। विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों द्वारा जल संरक्षण और जल निकायों के विकास का ध्यान रखा जाता है। ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र अखिलेश सिंह, एचओपी लारा को सौंपा गया, इस मौके पर राजीव रंजन, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, एसके सिन्हा, अपर महाप्रबंधक प्रचालन, सुधीर दहिया, अपर महाप्रबंधक पर्यावरण प्रबंधन, और जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन की उपस्थिति रही।